गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी

गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी,
भोला भंडारी मेरा कैलाश वासी,
बैल पे चढ़कर आए गयो रे मेरा भोला भंडारी,
गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी....

हंस चढ़े ब्रह्मा जी आए,
गरुड़ चढ़े विष्णु जी आए,
कान्हा भी मुरली बजाए गयो रे मेरा भोला भंडारी,
गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी....

नौ करोड़ जोगणिया आई,
शक्तिपीठों से देवीया आई,
शेर पर दुर्गा आ गई रे मेरा भोला भंडारी,
गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी....

मंगल शनि चंदा सूरज भी आए,
अपनी-अपनी देवियों को लाए,
भूत प्रेत नचाए गयो रे मेरा भोला भंडारी,
गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी....

हाथी शेर गरजते आए,
शिव शंकर के मन को भाए,
सबको मस्त बनाए गयो रे मेरा भोला भंडारी,
गोरा जी को ब्याहने आए गयो रे मेरा भोला भंडारी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31940/title/gaura-ji-ko-byane-aaye-gayo-re-mera-bhola-bhandari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |